उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन

राजकीय आई0टी0आई0 परिसर अलीगंज, लखनऊ

संख्याः /उ0प्र0कौ0वि0मि0/एस/2021–22/का.आ./1656

दिनांकः– 17 मई, 2021

कार्यालय – ज्ञाप

नेशनल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल (एन0एस0डी0सी0) द्वारा केन्द्र पोषित कौशल प्रशिक्षण योजनाओं (केन्द्रीय घटक) के अन्तर्गत कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन हेतु केन्द्रीय स्तर पर प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं को अनुबंधित किया जाता है।

2. एन0एस0डी0सी0 द्वारा अनुबंधित ऐसी प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं द्वारा समय–समय पर उ0प्र0 कौशल विकास मिशन में भी अनुबंधन हेतु अनुरोध किया जाता है।

3. अतः एन0एस0डी0सी0 द्वारा अनुबंधित इन प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं के राष्ट्रीय परिदृश्य में कार्य करने के व्यापक अनुभव व दक्षता को देखते हुए तथा मिशन द्वारा संचालित विभिन्न कौशल प्रशिक्षण योजनाओं में बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये एन0एस0डी0सी0 द्वारा अनुबंधित प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं को उ0प्र0 कौशल विकास मिशन में निम्न प्रतिबंधों के अधीन अनुबंधित करने का निर्णय लिया गया हैः–

(i) एन0एस0डी0सी0 में अनुबंधित वे ही प्रशिक्षण प्रदाता संस्थायें उ0प्र0 कौशल विकास मिशन में अनुबंधन हेतु अर्ह होंगी, जो एन0एस0डी0सी0 द्वारा उत्तर प्रदेश में केन्द्र पोषित योजनाओं के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु अधिकृत एवम् सूचीबद्ध हैं।

(ii) एन0एस0डी0सी0 द्वारा अनुबंधित वे ही प्रशिक्षण प्रदाता उ0प्र0 कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में अनुबंधन हेतु अर्ह होंगे, जिनके पास उ0प्र0 में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु अपेक्षित आवश्यक अवस्थापनायें यथा– प्रशिक्षण केन्द्र, प्रमाण–पत्र धारक, प्रशिक्षकगण व सम्पर्क कार्यालय आदि उपलब्ध हों।

(iii) एन0एस0डी0सी0 द्वारा अनुबंधित प्रशिक्षण प्रदाताओं को उन्हीं शर्तों व प्रतिबन्धों के अधीन उ0प्र0 कौशल विकास मिशन में अनुबंधित किया जायेगा जो मिशन में अनुबंधन हेतु अन्य प्रशिक्षण प्रदाताओं के लिये प्रभावी हैं।

उक्त आदेश राज्य संचालन समिति की 14वीं बैठक दिनांक 30.03.2021 में लिये गये निर्णय के क्रम में जारी किये जा रहे हैं।

(कुणाल सिल्कू)
मिशन निदेशक

संख्याः 170/उ0प्र0कौ0वि0मि0/एस/2021–22/का.आ./1656 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।

2. समस्त जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।
3. प्रबंधक (आई0टी0), उ0प्र0 कौशल विकास मिशन को पोर्टल पर अपलोड कराने हेतु।
4. कार्यालयादेश पंजिका।
5. गार्ड फाइल।

17/5/21

(कुणाल सिल्कू)
मिशन निदेशक